तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 14.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 11 फरवरी 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 धान उठाव के लिए 15 तक डीईओ जारी एवं उठाव ...



14 शहर के वार्ड 9 में नपाध्यक्ष ने किया बोर खनन ...



## खबर संक्षेप

### तुमगांव में मड़ई मेला आज



**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के हृदय स्थल बांग्लापारा नीम चौक में 11 फरवरी बुधवार को मड़ई मेला का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि नगर पंचायत तुमगांव अध्यक्ष बलराम कांत साहू होंगे। अध्यक्षता अमर चंद्राकर करेंगे। विशिष्ट अतिथि महासमुंद नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू होंगे।

### पान दुकान से शराब बरामद, बुजुर्ग गिरफ्तार

**महासमुंद।** ग्राम सिंघनपुर के एक पान दुकान से पुलिस ने शराब बरामद किया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने के बाद ग्राम सिंघनपुर स्थित एक पान ठेला के पास पहुंचकर, जहां एक संदेही व्यक्ति पकड़ा गया। जिसने पूछताछ में अपना नाम गाडा राय बढई पिता परसु बढई (66 साल) ग्राम मोहका थाना बसना बताया। आरोपी के कब्जे से 04 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित महुआ शराब कीमती 800 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** शहर के नयापारा में एक व्यक्ति के साथ उसके पड़ोसी ने मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर 11 दलदली रोड नयापारा महासमुंद निवासी दिनेश मानिकपुरी के घर के सामने 09 फरवरी को उसका पड़ोसी बिसौहा यादव गाली गलौज कर रहा था, जिस पर प्रार्थी ने उसकी पत्नी तिजिया यादव से अपने पति को समझाने कहा। इस पर आरोपी बिसौहा यादव ने आकर गालियां देते हुए मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 118(1), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### मारपीट, जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** सरायपाली में एक युवक से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी अजयदास मानिकपुरी ने बताया कि वह फास्ट फूड बेचने का काम करता है। 9 फरवरी को वह अपने काम से ग्राम हर्राटार की ओर जा रहा था। दोपहर लगभग 3:30 बजे हर्राटार जाने वाले रास्ता में हनुमान मंदिर के पास उसके मोहल्ले का टीकम दास मानिकपुरी मिला, जो उसके फास्ट फूड ठेला में काम करता है ने कहा कि तुम बहुत पैसा कमाते हो और मुझे कम पैसा देते हो। ऐसे कहकर वह गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा।

# घर में घुसकर मारपीट के मामले में एसपी से शिकायत, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला मुख्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में न्याय की उम्मीद लिए एक बुजुर्ग महिला पहुंची। ग्राम टेमरी थाना कोमाखान की निवासी 65 वर्षीय सुदामा बाई ने पुलिस अधीक्षक के नाम आवेदन सौंपकर गांव के ही तीन दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। सुदामा बाई ने बताया कि यह घटना 30 जनवरी की शाम लगभग 6 बजे की है। आरोप के मुताबिक, गांव के ही थनेश्वर साहू, विष्णु साहू और गुलमत साहू उनके घर में जबरन घुस आए। वे सुदामा बाई के पति को जबरदस्ती उठाकर कहीं ले जाने की कोशिश कर रहे थे। जब महिला ने इसका विरोध किया, तो तीनों आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और मारपीट शुरू कर दी। बुजुर्ग महिला ने बताया कि उनके साथ यह तीसरी बार ऐसी घटना हुई है। आरोपियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे बार-बार बुजुर्ग दंपत्ति को निशाना बना रहे हैं, जिससे डर का माहौल बना हुआ है।



### जनदर्शन कार्यक्रम में न्याय की उम्मीद लिए पहुंची बुजुर्ग महिला

#### पुलिस पर लगा रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप

शिकायतकर्ता सुदामा बाई का आरोप स्थानीय कोमाखान पुलिस पर है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद वे अपनी शिकायत लेकर थाने गई थीं। लेकिन एक बुजुर्ग महिला होने के बावजूद, पुलिस ने उनकी बात नहीं सुनी। महिला का आरोप है कि आरोपियों की पुलिस के साथ साठ-गांठ है, जिसके कारण अब तक मामला दर्ज नहीं किया गया है।

#### जनदर्शन में सुरक्षा की मांग

पीड़िता ने जनदर्शन में स्पष्ट रूप से कहा कि यदि भविष्य में उनके या उनके परिवार के साथ कोई अनहोनी होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन और आरोपियों की होगी। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से निवेदन किया है कि आरोपियों के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज की जाए। मामले की निष्पक्ष जांच हो ताकि उन्हें न्याय मिल सके एवं सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

**फरियाद : कलेक्टर जनदर्शन में अपनी मांगों को लेकर पहुंचे ग्रामीण**

# आम रास्ते पर अवैध निर्माण, ग्रामीणों ने की शिकायत, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला मुख्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में पिथौरा तहसील के ग्राम ढाबाखार से आए ग्रामीणों ने एक गंभीर जनसमस्या की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया। ग्रामीणों ने गांव के एक व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक गली (आम रास्ते) पर किए जा रहे अतिक्रमण और अवैध भवन निर्माण को रोकने के लिए कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपा।

ग्राम ढाबाखार (प.ह.नं. 43) के निवासी उत्तर कुमार साय, अजय साहू, मुनेश्वर साहू, लोकेश्वर सिदार, निरंजन जगत और अशोक कानूनगो सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ही विजय सिदार पिता घसिया सिदार द्वारा आबादी भूमि खसरा नंबर 326 की सार्वजनिक गली पर अतिक्रमण किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, पहले इस गली पर एक परछी का निर्माण किया था। उस समय रास्ता थोड़ा संकरा जरूर हुआ था, लेकिन ट्रैक्टर और अन्य वाहनों के आने-जाने के लिए जगह बची थी। इसलिए, ग्रामीणों ने सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए कोई बड़ी आपत्ति दर्ज नहीं की थी। ग्रामीणों मांग की है कि सार्वजनिक गली पर हो रहे अवैध निर्माण को तत्काल रोका जाए। अब तक किए गए निर्माण या संरचना को हटाकर रास्ता साफ किया जाए। राजस्व विभाग की टीम भेजकर मौके की जांच कराई जाए।



#### कानूनी मांग और जनदर्शन का हस्तक्षेप

ग्रामीणों ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 152 के तहत न्यूसेंस (सार्वजनिक बाधा) हटाने का आवेदन दिया है। उनका कहना है कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से भी अनावेदक को समझाने की कोशिश की थी कि खेती के बड़े वाहनों के लिए पर्याप्त जगह छोड़कर निर्माण करें, लेकिन उसने साफ मना कर दिया और रात-दिन काम लगाकर निर्माण कार्य को गति दे दी है।

#### वर्तमान समस्या, खेती-किसानी पर संकट

शिकायत में बताया गया है कि अब विजय सिदार उस जगह पर पक्का भवन निर्माण कर रहा है। निर्माण कार्य इतनी तेजी से किया जा रहा है कि आम रास्ता पूरी तरह बंद होने की कगार पर है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह निर्माण पूरा हो गया, तो गांव की उस गली से ट्रैक्टर, हार्वेस्टर और बैलगाड़ी का निकलना नामुमकिन हो जाएगा। इससे न केवल कृषि कार्य प्रभावित होगा, बल्कि किसी आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस या दमकल जैसे बड़े वाहनों का गांव के भीतर आना भी कठिन हो जाएगा।

#### बड़ेटेमरी में सार्वजनिक जमीन पर कब्जे की शिकायत

बसना विकासखंड के ग्राम बड़ेटेमरी के ग्रामीणों ने अतिक्रमण की गंभीर शिकायत दर्ज कराई। ग्रामीण भारत, कांति, मानकी, रजनी, नरसिंग बाई, जमुना ने बताया कि ग्राम के निवासी भारत गोंड ने अपनी खसरा नंबर 400 की 0.07 हेक्टेयर निजी भूमि सार्वजनिक चबूतरा निर्माण हेतु ग्राम पंचायत को दान में दी थी। ग्रामीणों का आरोप है कि इस दान की गई जमीन पर गांव के ही एक व्यक्ति, शुभसिंह ने अवैध रूप से मकान निर्माण कर लिया है। इतना ही नहीं, उसने चबूतरे के शेष हिस्से को भी घेर लिया है और वहां आने-जाने का रास्ता बलपूर्वक बंद कर दिया है। शासन द्वारा निर्मित सार्वजनिक चबूतरे को भी क्षति पहुंचाई गई है। ग्रामीणों ने बताया कि वे इस भूमि पर मंदिर निर्माण करना चाहते हैं, लेकिन अतिक्रमण के कारण कोई भी आयोजन नहीं हो पा रहा है।

# तस्करी में लिप्त आरक्षक समेत 6 आरोपी गिरफ्तार

## 20 लाख का गांजा और तीन कार जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले की पुलिस ने गांजा का अवैध परिवहन कर रहे छह लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए आरोपियों में एक ओडिशा आर्म्ड फोर्स का आरक्षक है। आरोपियों के कब्जे से 20 लाख का 40 किलो गांजा, तीन कार और अन्य सामान बरामद किया गया है।

कोमाखान पुलिस को सूचना मिली थी कि एक सफेद कलर की बोलेरो कार क्रमांक ओडी 08 पी 0321 में 02 व्यक्ति बैठे हैं जो अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर ओडिशा से परिवहन करते आ रहे है, वहीं आगे पीछे 2 कार फालो और पायलेटिंग में लगे हुए हैं। कुछ देर बाद एक सफेद कलर की बोलेरो कार जो बीच में चल रही थी एवं एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमएच 49 बीजेड 7641 बोलेरो वाहन के आगे चलते पायलेटिंग कर रही थी और एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमएच 49 बीजेड 6587 बोलेरो वाहन के पीछे फालो करते हुए चल रही थी। इन दिनों वाहनों को रोका गया। बोलेरो वाहन में सवार व्यक्तियों ने अपने नाम गजेंद्रकुमार पिता रविचंद कुमार (29 साल) करलापाडा वार्ड नंबर 02 थाना भवानीपटना जिला कालाहांडी ओडिशा एवं ड्रायवर सीट के बगल में बैठा व्यक्ति ने अपना नाम बबलू मांझी पिता भगत मांझी (21 साल) करलापाडा थाना भवानीपटना जिला कालाहांडी ओडिशा का निवासी होना बताये। पायलेटिंग वाहन स्वीफ्ट डिजायर कार के ड्रायवर सीट मे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अक्षय वाघाडे पिता संजय वाघाडे (26 साल) सोनजानी नगर हनुमान मंदिर थाना शक्करधरा जिला नागपुर महाराष्ट्र एवं ड्रायवर सीट के बगल में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम आयुष राहंगडाले पिता अजय राहंगडाले (24 साल) ग्राम भांडीप्लाट चौक रानी भोसलेनगर नागपुर थाना शक्करधरा जिला नागपुर महाराष्ट्र का निवासी होना बताया। इसी तरह फालो वाहन स्वीफ्ट डिजायर कारके ड्रायवर सीट मे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अक्षय उर्फ माइकल रंगारी पिता भगवान रंगारी (29 साल) छोटा ताजबाग रानी भोसलेनगर भांडीप्लाट झोपड़पट्टी थाना शक्करधरा जिला नागपुर महाराष्ट्र एवं ड्रायवर सीट के बगल में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम राकेश लांजेवार पिता लक्ष्मण लांजेवार (23 साल) रानीभोसले नगर सोलंकीबाडी नागपुर थाना शक्करधरा जिला नागपुर महाराष्ट्र का निवासी होना बताया।

बोलेरो कार के चालक ने बताया कि वह ओडिशा आर्म्स फोर्स में आरक्षक के पद पर कोरापुट चौथी बटालियन में पदस्थ है और 40 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर रायपुर व नागपुर महाराष्ट्र लेकर जा रहा था। उक्त गांजा को सुरक्षित ले जाने के लिए महाराष्ट्र के 02 स्विफ्ट डिजायर कार आगे पीछे पायलेटिंग एवं फालो लगा हुआ था। इस उक्त गांजा को उसने बलांगीर ओडिशा के बारिक दादा नाम के व्यक्ति से लिया था और भंडारा नागपुर निवासी अक्षय उर्फ माईकल रंगारी को देता था। पायलेटिंग एवं फालो करने वाले लोग अक्षय उर्फ माईकल रंगारी के संबंधित थे।

# नशे में धुत आरक्षक सड़क पर वीडियो हुआ वायरल, होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के खल्लारी थाने में पदस्थ एक आरक्षक का नशे में धुत होकर सड़क पर पड़े होने का वीडियो सोशल मीडिया वायरल है। घटना 9 फरवरी की सुबह करीब 11 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरक्षक लाल सिंह बाकरे नशे की हालत में महासमुंद के मेडिकल कॉलेज मोड़ के पास पहुंचा। शराब के नशे में आरक्षक इतना बेसुध था कि वह चलते-चलते लड़खड़ाकर एक ठेले के पास सड़क पर ही बैठ गया और वहीं अचेत हो गया। गुजरने वाले राहगीर नशे में धुत उक्त आरक्षक का वीडियो बनाते रहे। आधे घंटे बाद कुछ लोगों ने उसे



उठाया, लेकिन नशे के कारण आरक्षक चल पाने तक की हालत में नहीं था। बाद में अन्य पुलिसकर्मियों ने उसे वहां से हटाकर मेडिकल चेकअप के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरक्षक का मुलाहिजा (मेडिकल टेस्ट) कराया गया है, जिसमें उसके शराब पीने की पुष्टि हुई है। अनुशासनहीनता के इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरक्षक के खिलाफ विभागीय जांच और दंडात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# महासमुंद-तुमगांव रोड निर्माण कार्य में लापरवाही की शिकायत, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के तुमगांव रोड पर लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे सड़क और नाली निर्माण कार्य में भारी अनियमितता के आरोप लगाते हुए स्थानीय निवासी धनेश्वर प्रसाद साहू ने इस संबंध में उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर काम की गुणवत्ता और तकनीकी खामियों पर सवाल उठाए हैं। लेकिन, कथित कांग्रेसी नेता की ठेकेदारी के चलते कांग्रेसी नेता के अधिकारी पुत्र द्वारा कार्रवाई में हीला हवाला किया जा रहा है।

शिकायतकर्ता के अनुसार, निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों और



तकनीकी रिपोर्ट के अनुसार नहीं किया जा रहा है। पत्र में आपत्ति जताई गई है जिसमें नाली का निर्माण एक सीधी रेखा में होने के बजाय टेढ़ा-मेढ़ा (सर्पाकार) किया गया है, जिससे भविष्य में पानी की निकासी प्रभावित होगी। सड़क और नाली की ऊंचाई में तालमेल नहीं है। कई स्थानों पर नाली को बिना खुदाई किए काफी ऊंचाई पर बना दिया गया है, जिससे आम नागरिकों को अपने ही घरों में आने-जाने और सार्वजनिक निस्तार में समस्या हो रही है।

#### चैंबर निर्माण में नियम विरुद्ध कार्य

कवर्ड नाली के ऊपर स्लैब ढलाई के दौरान चैंबर के लिए छोड़ी गई दूरी में नियमों का पालन नहीं किया गया है। शारदा मंदिर के पास पेट्रोल पंप और शिकायतकर्ता के घर के सामने बनी नाली की गहराई और ऊंचाई में काफी अंतर है। शिकायत में बताया गया है कि इस समस्या को लेकर पहले भी कई बार मौखिक शिकायतें की गईं और समाचार पत्रों में खबरें भी प्रकाशित हुईं। लेकिन, विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। आवेदक ने मांग की है कि तकनीकी अधिकारियों की एक समिति बनाकर पूरे निर्माण कार्य की जांच कराई जाए ताकि सरकारी धन का दुरुपयोग न हो और जनता को एक बेहतर बुनियादी ढांचा मिल सके।

**10 माह में जिले में हुए कुल 27 हजार 441 आवास निर्माण कार्य पूरे**

# पीएम आवास क्रियान्वयन, जिले को राज्य में दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रभावी एवं त्वरित क्रियान्वयन के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत मात्र 10 माह की अवधि में जिले में कुल 27 हजार 441 आवासों का निर्माण पूर्ण करते हुए जिले को राज्य स्तर पर दूसरा स्थान मिला है।

जिले में निर्मित कुल 27, 441 आवासों में विभिन्न विकासखंडों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पिथौरा विकासखंड में सर्वाधिक 7, 193 आवास, बागबाहरा विकासखंड में 6, 102 आवास, महासमुंद विकासखंड अंतर्गत 5, 775 आवास, सरायपाली विकासखंड अंतर्गत 5, 062 आवास तथा बसना विकासखंड में 3, 309 आवासों का निर्माण



पूर्ण किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी दिशा में प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं स्थायी आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उनके जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। योजना के क्रियान्वयन से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हुए हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।

जिले में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार के सतत निरीक्षण में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जनप्रतिनिधियों तथा मैदानी अमले के सतत प्रयासों, नियमित निगरानी एवं प्रभावी समन्वय के चलते यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

हितग्राहियों को समय पर तकनीकी मार्गदर्शन, वित्तीय सहायता एवं निर्माण सामग्री उपलब्ध कराकर कार्यों में गति लाई गई। जिले में आवास निर्माण की इस उपलब्धि से हजारों परिवारों का पक्के मकान का सपना साकार हुआ है। लाभान्वित परिवारों ने केन्द्र एवं राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसके लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। जिला प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्ष्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने निरंतर समन्वय के साथ क्रियान्वयन किया जा रहा है। ताकि कोई भी पात्र परिवार आवास सुविधा से वंचित न रहे।

# भूमिहीन कृषि मजदूर योजना से नाम कटने पर ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

**महासमुंद।** जिला के ग्राम पंचायत लोहारडीह के अंतर्गत आने वाले ग्राम उलटकोडार और परसापानी के निवासियों ने कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि वे भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के पात्र हितग्राही थे। लेकिन, बिना किसी स्पष्ट कारण के उनका नाम अब अपात्र सूची में डाल दिया गया है। ताराबाई गोड़, पंडित साहू, मोतीराम साहू, ओमबाई गोड़, हरिश चंद्र साहू, रविकुमार, मनीराम पटेल, अशोक चौहान, शत्रुधन लाल, डेरहा राम, शकुंतला, हेमराज पटेल, जानकी बाई पटेल और सालिक राम साहू के अनुसार, वे लंबे समय से इस योजना का लाभ लेते रहे हैं, या पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करते हैं। हाल ही में जारी सूची में उन्हें योजना से बाहर कर दिया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि वे आर्थिक रूप से कमजोर हैं और उनके पास आय का कोई दूसरा बड़ा साधन नहीं है। योजना की राशि रुक जाने से उनके सामने जीवन-यापन की समस्या खड़ी हो रही है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से निवेदन किए हैं कि उनके प्रकरणों की पुनः जांच करवाई जाए। अधिकारियों द्वारा स्थल सत्यापन (मौके पर जाकर जांच) किया जाए ताकि उनकी वास्तविक आर्थिक स्थिति का पता चल सके। पात्र पाए जाने पर उन्हें फिर से पात्र सूची में शामिल किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि वे पूरी तरह से मजदूरी पर निर्भर हैं और सरकार की इस योजना से उन्हें बड़ी राहत मिलती थी। उन्हें उम्मीद है कि जिला प्रशासन उनकी समस्या पर गंभीरता से विचार करेगा।

### कंटेनर से टकराकर बाइक सवारों में एक की मौत, दो घायल

**महासमुंद।** नेशनल हाईवे 53 में पेट्रोल पंप के पहले कंटेनर से एक बाइक टकरा गई। घटना में एक युवक की मौत हो गई और दो घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट पर तुमगांव थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम बरबसपुर के अमन निषाद ने बताया कि वह अपने पडोसी राजेश्वर निषाद और तुलसी निषाद के साथ राजेश्वर निषाद के मोटर साइकिल स्पलेंडर क्रमांक सीजी 04 एनएम 1828 से तुलसी निषाद के मां से मिलने के लिए ग्राम गोपालपुर गए थे। वापस आने के समय बाइक को राजेश्वर निषाद चला रहा था, बीच में तुलसी निषाद एवं पीछे में प्रार्थी बैठा था। एनएच 53 रोड जियो पेट्रोल पंप के पहले ग्राम कांपा में रोड में लापरवाही पूर्वक खड़े कंटेनर क्रमांक डब्लूबी 11 ई 4438 से रात करीब 7.50 बजे उनकी मोटर साइकिल पीछे से टकरा गई। एक्सीडेंट में तीनों घायल होकर वहीं गिर गए।

**खबर संक्षेप**



### प्रतिभा स्कूल में हुआ विदाई समारोह

**सरायपाली।** स्थानीय प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में कक्षा 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए विद्यालय प्रांगण में स्थित हॉल में विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कक्षा 11वीं वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित किया गया था। दोपहर 12:30 बजे सभी सीनियर विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य नरहरि पटनायक एवं रेणुका त्रिपाठी द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से किया गया। शाला नायक विवेक बंजारे ने स्कूल में बिताए अपने अनुभव साझा किए। कक्षा शिक्षक नवीन कर एवं सुधांशु पाढ़ी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में सफलता अर्जित करने प्रेरित किया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं ईमानदारी के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन हर्षित सलूजा एवं वंशिका युववेजा ने किया।

### 12वीं के छात्रों को दी गई भावभीनी विदाई

**सरायपाली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली में कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रेमानंद भोई ने किया। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तनीषा साहू ने गीत एवं कामिनी, यामिनी, तनीषा, रूपा यादव, धनेश्वरी एवं रश्मि साहू ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों के आग्रह पर कक्षा बारहवीं की छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा उपरांत आयोजित इस कार्यक्रम में परीक्षा से डी फोकस के उद्देश्य से एकाग्रता से संबंधित अनेक मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। अप्पी आरती, नीर दास ने कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक विद्यालयीन जीवन के अनुभव को साझा किया और अपने शिक्षकों व सहपाठियों का धन्यवाद दिया। बच्चों को संबोधित करते हुए शाला प्रबंधन एवं विकास समिति दुलारपाली के अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने कहा कि अब शिक्षकों से प्राप्त ज्ञान को व्यावहारिक धरातल पर अमल में लाने का समय है। इसमें न केवल किताबी ज्ञान बल्कि बुद्धि और विवेक का उपयोग करना पड़ता है।

**धर्म-कर्म : भक्ति और उल्लास के वातावरण में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन**

# तरेकेला भागवत कथा का छठवां दिन, रुक्मिणी विवाह प्रसंग पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

तरेकेला में चल रही श्रीमद भागवत कथा का छठवां दिन मंगलवार 10 फरवरी को भक्ति और उल्लास के वातावरण में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली, जहां जय श्रीकृष्ण के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

छठवें दिन कथावाचक द्वारा भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मणि के पावन विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा में बताया गया कि रुक्मणि विवाह का यह प्रसंग शास्त्रों में राक्षस विधि के अंतर्गत आता है, जिसमें भगवान कृष्ण ने रुक्मणि को उनके भाई रुक्मी के चंगुल से मुक्त कर विवाह किया था। यह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए और कथा पंडाल में भक्ति की लहर दौड़ पड़ी। कथा के दौरान यह भी बताया गया कि



यह ऐतिहासिक घटना विदर्भ क्षेत्र के तत्कालीन माधोपुर (वर्तमान गुजरात से संबद्ध क्षेत्र) से जुड़ी मानी जाती है। विद्वानों के अनुसार विवाह के समय माता रुक्मणि की उम्र लगभग 16 वर्ष थी, जिसे लेकर विभिन्न मत प्रचलित हैं, लेकिन यह स्पष्ट किया गया कि उन्हें बाल अवस्था में विवाह से जोड़ना तथ्यात्मक नहीं है।

कथा में आगे वर्णन किया गया कि विवाह के उपरांत भगवान कृष्ण माता रुक्मणि को द्वारका ले गए, जहां विधि-विधान से उनका भव्य विवाह हुआ। इस प्रसंग के साथ कथा स्थल पर भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजकों ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भागवत कथा का आयोजन श्रद्धा, शांति और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ किया जा रहा है। कथा के आगामी दिनों में कृष्ण लीला के अन्य महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। सायं 6:30 बजे आरती के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि त्रिलोन नायक के साथ उपस्थित रहे। साथ ही पत्रकार आरके दास, अभय धृतलहरे, के साहू सहित अन्य लोगों ने भी भागवत कथा में सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित किया। आयोजकों ने बताया कि 11 फरवरी बुधवार को कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित, परीक्षित मोक्ष, कथा विश्राम के पश्चात भव्य समापन किया जाएगा।

# जल जीवन मिशन : सोहागपुर में हर घर नल से पहुंचा जल

40 किलो लीटर के उच्च स्तरीय जलागार और 140 नल कनेक्शनों से घर-घर पहुंच रहा साफ पानी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के अंतिम छोर पर ओडिशा सीमा से लगे ग्राम पंचायत टेड़ीनारा के सोहागपुर में मिशन के अंतर्गत किए गए कार्यों से अब हर घर नल से पानी पहुंच रहा है। विभाग ने यहां स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति के लिए 54 लाख 38 हजार रुपए की लागत से 40 किलो लीटर का उच्च स्तरीय जलागार बनाया है। गांव में 2800 मीटर पाइपलाइन बिछाकर तथा 140 घरेलू नल कनेक्शन प्रदान कर हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य पूरा किया गया है। सोहागपुर को विगत दिसम्बर माह में हर घर जल ग्राम घोषित किया गया है। पेयजल के लिए पहले सोहागपुर के लोग हैंडपंपों, पावर पंपों और कुओं पर निर्भर थे। बरसात में महिलाओं को दूर से पानी लाने में काफी दिक्कत होती थी। अब घर तक पानी पहुंचने से महिलाओं का बहुत सा समय बच रहा है। इससे वे अपने आजीविका संबंधी कार्यों, बच्चों तथा घर-परिवार को ज्यादा समय दे पा रही हैं। घर के सभी लोगों के लिए रोज-रोज पानी के इंतजाम में होने वाली परेशानियों से भी उन्हें निजात मिल गई है।

**बिजनेस साईट**

## निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन, अब आंखों की रोशनी के लिए बड़े शहरों की भागदौड़ नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बढ़ती उम्र के साथ आंखों की रोशनी धुंधली पड़ जाना कई परिवारों के लिए चिंता का कारण बन जाता है। मोतियाबिंद ऐसी ही एक सामान्य लेकिन गंभीर समस्या है, जिसमें आंख के लैंस पर परत जम जाने से व्यक्ति को साफ दिखाई देना कम हो जाता है। समय पर उपचार न मिलने पर यह दैनिक जीवन को भी प्रभावित कर सकता है। पहले इस ऑपरेशन के लिए मरीजों को बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। सफर, खर्च, रुकने की व्यवस्था और बार-बार जांच के लिए जाना ये सब बुजुर्ग मरीजों और उनके परिजनों के लिए कठिनाई भरा होता था। इन्हीं परेशानियों को समझते हुए बसना स्थित अग्रवाल नर्सिंग होम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में पिछले दो वर्षों से नियमित रूप से



मोतियाबिंद के सफल ऑपरेशन किए जा रहे हैं। नेत्र रोग एवं ऑक्यूलोप्लास्टिक सर्जन डॉ. देवेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में अब तक सैकड़ों मरीजों की आंखों की रोशनी वापस लौटी है। कई मरीजों का कहना है कि ऑपरेशन के बाद उन्हें ऐसा लगा मानो जीवन में फिर से उजाला लौट आया हो। यह सुविधा राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध है। जिले के सभी जरूरतमंद मरीज अपना अग्रिम पंजीयन करवाकर अग्रवाल नर्सिंग होम, बसना में मोतियाबिंद का ऑपरेशन पूरी तरह निःशुल्क करवा सकते हैं।

# नागशक्ति बूढ़ादेव ठाना कांटा पठार पझरापाली में 9वां स्थापना दिवस एवं पंच बूढ़ादेव महापूजन हुआ, कार्यक्रम में जुटे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति, छत्तीसगढ़ गोंडवाना संघ जिला इकाई महासमुंद तथा अखिल भारतीय गोंड समाज फुलझर राज के संयुक्त तत्वावधान में नागशक्ति बूढ़ादेव ठाना कांटा पठार पझरापाली (सरायपाली) में 9वां स्थापना दिवस एवं पंच बूढ़ादेव महापूजन का भव्य आयोजन श्रद्धा, परंपरा और उत्साह के साथ हुआ। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि तक चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समाजजन शामिल हुए।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में पंडा पुजारी सुदर्शन सिंह ठाकुर द्वारा गोंडीयन परंपरा के अनुसार प्रकृति शक्ति पंच बूढ़ादेव एवं गोंडवाना शक्तियों का विधिवत आह्वान कर पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं ने महाआरती कर देवी-देवताओं का जयकारा लगाते हुए वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजन में दुर्गे दुलेश्वरी दाई कर्मा नर्तक दल, हीराबतर छुरा जिला गरियाबंद द्वारा मनमोहक नृत्य-गीत की प्रस्तुति दी गई, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर रहे। अध्यक्षता अजाक्स अध्यक्ष बसना अमृत लाल जगत ने की। विशिष्ट अतिथियों में देवकी दीवान, पुरुषोत्तम दीवान, नोविना जगत (महिला प्रभाग गोंड समाज 18गढ़), जगदीश सिदार (सरपंच लमकेनी), अजय जगत (सरपंच पंडापारा), वरुण जगत (सर्कल अध्यक्ष पझरापाली), भुवनेश्वर नेताम (सचिव पझरापाली), गणेश सिदार (सर्कल अध्यक्ष भंवरपुर), श्यामाचरण सिदार (अध्यक्ष सरायपाली), क्षेत्रो सिदार (पूर्व अध्यक्ष गोंड समाज फुलझर राज), डॉ. नोहर सिंह नेताम (महासचिव देवरीराज), नैन सिंह नेताम (समाज प्रमुख), विजेंद्र पारेश्वर (अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज) सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। महिला प्रभाग से पुष्पा देवी मार्को, ओम कुमारी ठाकुर, गौरी बाई ठाकुर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। मंच संचालन का दायित्व राजेंद्र सिदार और शंकर लाल सिदार ने प्रभावी रूप से निभाया।

मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में समाज को संगठित रहने और अपनी प्रथा-परंपराओं को सहेजकर रखने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि देवकी दीवान ने समाज में बेटियों की शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आदिवासी संस्कृति हमारी पहचान है, इसे आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे छत्तीसगढ़ गोंडवाना संघ के जिलाध्यक्ष दीपक जगत ने आगामी जनगणना को लेकर समाज को जागरूक रहने का संदेश दिया और सामाजिक पहचान व परंपराओं के संरक्षण पर बल दिया। इस अवसर पर गोकुल पारेश्वर (जिला संरक्षक गोंडवाना संघ), प्रेम सिंह पोर्ते (शिव) जिलाध्यक्ष गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति, विश्वनाथ हीरा (उपाध्यक्ष), दीनबंधु नाग (पूजारी कांटा पठार शक्तिपीठ), बलदेव हीरा (ब्लाक सचिव सरायपाली), निमंकर जगत (ब्लाक अध्यक्ष बसना) सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आयोजन समिति एवं फुलझर गोंड समाज के सामूहिक सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ। श्रद्धालुओं के लिए शक्तिपीठ परिसर में भंडारे का भी आयोजन किया गया, जहां सभी ने महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

### जोरा में मेमू ट्रेन का पैसेंजर हाल्ट बनाने की मांग

रायपुर। जोरा क्षेत्र में स्थित साईंनगर में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण जल्द ही किया जाएगा। यह भवन स्थानीय निवासियों के लिए विभिन्न सामाजिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जिससे क्षेत्र में विकास कार्यों को मजबूती मिलेगी। लोकार्पण के दौरान साईं दर्शन आवासीय समिति के पदाधिकारी सांसद बृजमोहन अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर न्यू मेमू लोकल ट्रेन का पैसेंजर हाल्ट जोरा में बनाने की मांग करेंगे।

## यूथ कांग्रेस बसना विधानसभा में संगठनात्मक नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

भारतीय यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अमन चंद्राकर की सहमति से यूथ कांग्रेस बसना विधानसभा अध्यक्ष कौशल रोहिल्ला द्वारा संगठनात्मक नियुक्तियां की गई हैं।

जारी सूची के अनुसार बसना विधानसभा यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष के पद पर गीतेश चौधरी, अक्षय प्रधान, सुरेश पटेल, प्रशांत पटेल, नवनीत निषाद,



साजिद खान, खिशांत कुमार, टिकेलाल पटेल, अनुज अग्रवाल एवं मनोज गहरेवाल को नियुक्त किया गया है। वहीं बसना विधानसभा यूथ कांग्रेस महासचिव के पद पर दीपक प्रधान, नरेश नेताम, भोजराम पटेल, जगमोहन ठाकुर, खेलकुमार यादव, शिव नायक, तोषकुमार साहू, सुनील भोई, सुधीर भोई, संजीव पटेल, अभिषेक बांक, पूरन साव, मनीष नायक को दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार बसना विधानसभा यूथ कांग्रेस सचिव के पद पर शिवम बारीक, उमाशंकर प्रजापति, धीरज सिन्हा, जनक ठाकुर, ओम सिन्हा, सुनील कुमार बारीक, संजय ठाकुर, श्रवण शर्मा, मनोहर बरिहा, शेखर ठाकुर, दीपक श्रीवास एवं अशोक धृतलहरे को नियुक्त किया गया है।



### पिटियाझर में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत दवा वितरित

**महासमुंद।** राष्ट्रीय फाइलेरिया (हाथीपांव) उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 12 पिटियाझर में स्थित अस्पताल में दवा वितरण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लोगों को फाइलेरिया से बचाव एवं इसके दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा निर्धारित दवाइयों का सेवन करने की अपील की गई। कार्यक्रम के तहत बताया गया कि फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन रोकथाम योग्य बीमारी है, जिसका समय पर दवा सेवन कर उन्मूलन संभव है। स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर दवा पहुंचाने और सभी पात्र लोगों को दवा खिलाने पर विशेष जोर दिया। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की कि वे दवाइयों का नियमित सेवन करें और इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।



### सावित्रीपुर में न्योता भोज का आयोजन

**सांकरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में न्योता भोज का आयोजन विद्यालय के शिक्षक घनश्याम साहू, महेंद्र तांडी एवं जयंती सागर द्वारा अपनी-अपनी बेटियों वेदिका साहू, लिली तांडी एवं नव्या सागर के जन्मदिन पर दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य पी सिदार, एसडी भोई, मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक एसएल पटेल तथा संकुल समन्वयक पीएल चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्राचार्य सिदार ने अपने उद्बोधन में इस पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यालय में आपसी सौहार्द, संस्कार एवं पारिवारिक वातावरण को सुदृढ़ करने वाला बताया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षक साथियों को स्नेह-उपहार भी भेंट किए गए।

**बीकेबाहरा स्कूल में विदाई समारोह, छात्रों को दी प्रेरणा और सम्मान**

# कक्षा 12वीं से सुरेंद्र ध्रुव को मिस्टर फेयरवेल एवं रानी ध्रुव को चुना गया मिस फेयरवेल

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौरव ग्राम बीकेबाहरा में 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्रोण पटेल शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, विशेष अतिथि आर्य प्रकाश चंद्राकर सांसद प्रतिनिधि, अंकित चंद्राकर प्राचार्य, पंचूराम ध्रुव, धनेश्वरी चंद्राकर, कांति यादव द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती क़े समक्ष वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। जिससे वातावरण आध्यात्मिक और प्रेरणादायक बन गया। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने कविता, भाषण, गेम, नाटक आदि रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विदा होने वाले विद्यार्थियों ने कविता, कॉमेडी आदि के माध्यम से विद्यालय में एकत्र की गई। अपनी यादों को प्रधानाचार्य और शिक्षकों के साथ साझा किया। शाला विकास प्रबंधन समिति क़े अध्यक्ष द्रोण पटेल ने कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को लक्ष्य पर केंद्रित रहकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि इन विद्यार्थियों ने अपने परिश्रम और अनुशासन से विद्यालय की गरिमा बढ़ाई है और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि ये छात्र-छात्राएं जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। सांसद प्रतिनिधि आर्य प्रकाश चंद्राकर ने जीवन में योग के माध्यम से योगासन, प्राणायाम और ध्यान के नियमित अभ्यास द्वारा शरीर और मन को शांत करना व मानसिक शांति प्राप्त कर स्मरण शक्ति को बढ़ाने के उपाय बताएं। प्राचार्य अंकित चंद्राकर ने महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन के विचारों का उदाहरण समझाते हुए बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामनाएं दी। समारोह के दौरान कक्षा 12वीं से सुरेंद्र ध्रुव को मिस्टर फेयरवेल एवं रानी ध्रुव को मिस फेयरवेल चुना गया। कार्यक्रम के पश्चात समस्त विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में कलाराम साहू, हरिशंकर हिरवानी, अजय चंद्राकर, भारत तंबोली, रमेश गिरी, घनश्याम साहू, धर्मेंद्र साहू, धनेश्वरी चंद्राकर, यामिनी साहू, योगिता कुर्वंशी, सुनीता साहू, दिव्या साहू, शैलेंद्र साहू, सुनीता बाई साहू, तारा क्षेत्रपाल एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण, नागरिक मौजूद रहे।

# वार्डवासियों को दी श्रम योजनाओं की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाएं मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, श्रमिक सियान सहायता योजना, नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, साइकिल सहायता योजना, सिलाई मशीन सहायता योजना, श्रमिक औजार सहायता योजना, सुरक्षा उपकरण सहायता योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना, असंगठित कर्मकार कार्ड बनाने की कैटेगरी में आने वाले श्रमिक जैसे-घरेलू कामगार, सफाई कामगार, भेड़- बकरी चराने वाले, चना-मुर्रा बेचने वाले, फलफ्रूट, दर्जी, मोची, माली, मछली बेचने व पालने वाले, लाइट डेकोरेशन, टेंट हाउस लगाने वाले, रेजा कुली मजदूर, किराना दुकान में काम करने वाले, ऑटो चालक, खेतिहर मजदूरी करने वाले लोग आते हैं। योजनाओं के बारे में वार्ड नंबर 24 एवं 30 में बैठक लेकर विधायक प्रतिनिधि श्रम विभाग रेखा बेहरा द्वारा जानकारी दी गई एवं श्रमिक कार्ड बनाने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया कि महासमुंद जिला में 4000 श्रमिक कार्ड बनाने की प्रक्रिया जारी है। बैठक में वार्ड के सभी नागरिक गण एवं श्रमिक महिला पुरुष मौजूद रहे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में अंतरझोला की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर बनी विजेता, विजेता टीमों को किया पुरस्कृत

**सरायपाली।** जय बजरंग क्रिकेट क्लब तोरेसिंहा के तत्वावधान में 04 से 08 फरवरी तक टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की कुल 32 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता पूरे आयोजन काल में खेल भावना, अनुशासन एवं दर्शकों के अपार उत्साह के साथ हुई।

प्रतियोगिता में अंतरझोला की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। बलौदा की टीम को द्वितीय, जामपाली की टीम को तृतीय तथा सिरबोड़ा की टीम को चतुर्थ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15001 रुपए (स्वर्गीय सनोज जगत की स्मृति में), द्वितीय पुरस्कार 10001 रुपए नगद राशि (स्वर्गीय संजय मेहेर की स्मृति में), तृतीय पुरस्कार 4001 रुपए (जयप्रसाद लोहा गुरुजी द्वारा प्रदत्त), चतुर्थ पुरस्कार 2001 रुपए (स्वर्गीय जकरीय लोहा की स्मृति में)। इसके अतिरिक्त प्रथम पुरस्कार की ट्रॉफी स्वर्गीय सुभाष प्रधान की स्मृति में, द्वितीय पुरस्कार की ट्रॉफी निलाचल ट्रेडर्स तोरेसिंहा द्वारा प्रदान की गई। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार आचार्य मोबाइल तोरेसिंहा द्वारा, प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार डॉ. अभिलाष प्रधान



द्वारा, बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार धीरज बेहेरा द्वारा, बेस्ट बॉलर का पुरस्कार राकेश नाग द्वारा तथा बेस्ट फील्डर का पुरस्कार श्री जयंत कुम्हार द्वारा प्रदान किया गया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि पुष्पलता चौहान (प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा, छत्तीसगढ़) रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरिजाशंकर मेहेर (अध्यक्ष, वन सेवा समिति, सरायपाली) ने की। विशिष्ट अतिथियों में गुलशन विभार (सरपंच, सेमलिया), यदुलाल जगत (परिक्षेत्र अध्यक्ष, तोरेसिंहा), टकधर भवसागर (सेवानिवृत्त शिक्षक) एवं गोतम लोहा (उपाध्यक्ष, शिवालय समिति, तोरेसिंहा) उपस्थित रहे। आयोजन आयोजक समिति के सदस्यों जयप्रसाद लोहा, घनश्याम मेहेर, नीलांचल पांडे, रोहित भवसागर, योगराज प्रधान, नरहरी कुम्हार, मुकेश नाग, राजेश भवसागर, मनमोहन नाग, कुंतभोज कुम्हार, मनोज जगत, सत्यवान भवसागर, राहुल भवसागर, जयदेव भवसागर, गोपरजन नाग, बंटी, भारत बाघ, देवेंद्र लोहा, राजकुमार भवसागर, सुकदेव भवसागर, आकाश, विनय, अमित, रोहन, क्रिस, विक्की, हिमांशु एवं नमन का विशेष योगदान रहा।

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. संदीप सराफ अग्रवाल
MS (Orthopedics), FIJR, FESS, FIAS
हड्डी, जोड़ प्रत्यारोपण, स्पाइन सर्जरी एवं आर्थोस्कोपी विशेषज्ञ
एक्सीडेंट, फ्रेक्चर, जोड़ो के दर्द,
कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण,
स्पाइन (रीढ़ की हड्डी) संबंधित परेशानी,
स्पोर्ट्स इंजुरी, लिगामेंट हेतु दूरबीन पद्धति,
आर्थोस्कोपी ये सभी इलाज और ऑपरेशन
प्रतिदिन उपलब्ध
AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100
बीजू कार्ड/आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज
डॉ. गंगाधर आत्राम
MBBS, MS, FMAS
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
हर्निया, गॉल ब्लैडर पथरी, ओवेरियन सिस्ट, पेट के ट्यूमर, सिस्ट के ऑपरेशन, सिजेरियन डिलीवरी
पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट, स्ट्रिक्चर के ऑपरेशन
थायराइड, कान के पर्दे के छेद, Tympanoplasty
पाइल्स, फिशर, स्तन में गठान, हाइड्रोसील ऑपरेशन
प्रतिदिन उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### तुषार ने दिनमनी पटेल का किया सम्मान

**महासमुंद।** ग्राम जोरातराई में वरिष्ठ जनसंघ भाजपा नेता वैद्यराज दिनमनी पटेल से भेंट मुलाक़ात करने उनके निवास पहुंचे राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू ने दिनमनी का भगवा गमछा श्रीफल भेंट कर स्वागत एवं सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### सड़क हादसे में एक की मौत, 2 घायल



**सांकरा।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 में बीती रात 9 बजे हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, 2 व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया। दुर्घटना का कारण अज्ञात है। पुलिस द्वारा जांच जारी है। मृतक का नाम उमेश पिता तेजकुमार यादव ग्राम बेलारी, थाना सलिहा जिला बलौदाबाजार का बताया जा रहा है। सांकरा क्षेत्र में लगातार हो रही दुर्घटनाओं के पीछे नाबालिग बच्चों के वाहन चलाने की बात सामने आ रही है। यह एक गंभीर समस्या के तौर पर सामने आ रही है। पुलिस प्रशासन से इस पर कड़ी कार्रवाई की अपेक्षा जताई जा रही है।

## कलेक्टर ने समस्याओं के निराकरण करने दिए निर्देश

# कलेक्टर ने जन चौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जन चौपाल में दिव्यांग कल्याण संघ द्वारा बैठक एवं प्रशिक्षण के लिए रेन बसेरा के लिए आवेदन किया गया। इसी तरह ग्राम सोनदादर बागबाहरा के निवासियों ने अवैध कब्जा पर रोक लगाने, महासमुंद निवासी जेपी चंद्राकर ने बंदोबस्त त्रुटि सुधार, ग्राम बराईजोर निवासी चूड़ामणि ने स्वयं की भूमि पर अवैध कब्जा के संबंध में, ग्राम लोहारडीह के ग्रामवासियों ने दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर न्याय योजना के संबंध में, नयापारा महासमुंद निवासी रमाबाई देवांगन ने ईपीएफ राशि कटौती के संबंध में एवं वार्ड क्रमांक 15 सरायपाली नगर पालिका के निवासियों ने फोर लेन पहुंच मार्ग पर अवैध अतिक्रमण के संबंध में आवेदन किए। इसके अलावा पीएम आवास, अवैध अतिक्रमण, लंबित राशि भुगतान संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा एवं रवि साहू सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### बिरकोनी में स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में 9 फरवरी को एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन जय मां चंडी हॉस्पिटल तुमगांव द्वारा किया गया। शिवरि का शुभारंभ डॉ आरएल साहू ने मां चंडी की पूजा अर्चना व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसमें जय माँ चंडी हॉस्पिटल के डॉ आरके साहू और डॉ जे साहू व टीम द्वारा मरीजों को मार्गदर्शन दिया। निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान सामान्य रोग के मरीज, जोड़ो के दर्द, पेट सम्बंधित, पथरी समस्या, पेट में जलन गैस, चमड़ी, के रोग साइटिका, सर्वाइकल, दाद खाद खुजली, बीपी, शुगर, वजन एवं ऊंचाई की जांच की गई। बीमारियों के प्रति निःशुल्क जागरुकता परीक्षण एवं उचित मार्गदर्शन मरीजो को दिया गया। टीम ने ग्रामीणों को समय पर स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं सही जानकारी प्रदान कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी सरल एवं व्यावहारिक भाषा में दी गई। शिविर में 52 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई। कार्यक्रम में घनश्याम साहू, दिलीप यादव, मोरज साहू, जीवराखन चंद्राकर, पूरन साहू, टोहल साहू, चंद्रहास चंद्राकर, झड़ी साहू, राजकुमार साहू, विजय चंद्राकर, तुकाराम चंद्राकर, सूरज यादव, डाका यादव, रामा यादव सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।



## दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण



**पिथौरा (ग्रामीण)।** दिव्यांगजनों को जनपद पंचायत में एक कार्यक्रम के दौरान सहायक उपकरण प्रदान किए गए। जिसमें जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे, उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल एवं भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कुल 04 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर, 03 दिव्यांगजनों को ट्रायसायकल एवं 03 दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए योजनाएं बनाकर उनका जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। सरकार की योजनाओं से आमजन लाभान्वित हो रहे हैं और उनका जीवन स्तर निरंतर ऊंचा उठ रहा है।

## वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा को दी गई श्रद्धांजलि

### पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति



**पिथौरा (ग्रामीण)।** स्थानीय विश्राम गृह में महासमुंद के वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा के निधन पर श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि सभा में स्थानीय प्रेस क्लब अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार रजिंदर खनूजा ने कहा कि राजेश शर्मा का देहावसान पत्रकारिता जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने शर्मा की सादगीपूर्ण जीवनशैली, निष्पक्ष पत्रकारिता और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार शिखा दास ने शर्मा से जुड़े संस्मरण साझा किए। सभा का संचालन करते हुए पत्रकार संतोष गुप्ता ने शर्मा के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

## जिला जेल में मनोसामाजिक परामर्श एवं आत्महत्या रोकथाम पर हुई कार्यशाला

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला जेल महासमुंद में बंदियों और स्टॉफ के साथ मनोसामाजिक परामर्श एवं आत्महत्या रोकथाम कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ आई नागेश्वर राव सीएमएचओ, डॉ बी माहेश्वरी संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक, नीलू घृतलहरे डीपीएम व डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में बंदियों को आत्महत्या के लक्षण जैसे अपने आपको नुकसान पहुंचाना, मन का उदास होना, नींद ना आना, गुस्सा करना, नशा का आदि होना, आत्मविश्वास में कमी, रुचिगत कार्य में मन नही लगना, चिंता करना व्यवहार में परिवर्तन होना आदि की जानकारी दी गई। साथ ही इसके उपाए सुझाए गए। इसमें तनाव और उसका मुकाबला कैसे करे, अपना दैनिक दिनचर्या को ठीक रखे, आपसी समन्वय स्थापित करें, एक दूसरे से वार्तालाप करें, हल्का व्यायाम करें, प्रतिदिन योगा अभ्यास करें, अपना स्वयं की सफाई करें, मोटिवेशन, मनोरंजन जैसे किताब पढ़े, खेल आदि का आनंद लें, टीवी देखें, गहरी श्वास लेना, ध्यान देने की सलाह दी गई। मानसिक स्वास्थ्य का मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। अश्विनी पूजा तिर्की जेल अधीक्षक, उदय कुमार गायकवाड़ सहायक जेल अधीक्षक उपस्थित हुए। मेडिकल कालेज सह जिला अस्पताल महासमुंद से रामगोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर, देवकुमार डडसेना योग प्रशिक्षक का सहयोग रहा।

## तुषार ने जन्मदिन पर बुजुर्गों का किया सम्मान

**महासमुंद।** राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू के जन्मदिवस पर बुजुर्गों को सम्मान का आयोजन किया गया। बुजुर्गों का फूल माला पहनाकर, गुलदस्ता एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। बुजुर्गों ने अश्वंत तुषार साहू की दीर्घायु व राजनीतिक जीवन में सफलता का आशीर्वाद प्रदान किया। तुषार ने जन्मदिवस को यादगार, शानदार आयोजन के लिए ग्रामवासी अछोली और मित्रगण व परिजनों का आभार जताते हुए कहा कि बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद एक रक्षा कवच की तरह है, जो भाग्य को सौभाग्य में बदलकर सफलता, सुरक्षा और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। यह उनके जीवन के अनुभवों का निचोड़ और भगवान के वरदान के समान होता है। बुजुर्गों के चरण स्पर्श (साष्टांग) करने से तनाव कम होता है और उनका सम्मान करने से परिवार में संस्कार व सही दिशा बनी रहती है। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद हमारी शक्ति, संस्कार और जीवन की प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की अमूल्य धरोहर और अनुभव का खजाना हैं, जिनका सम्मान करना हमारा नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है। उनके अनुभव, मार्गदर्शन और आशीर्वाद से परिवार और समाज को दिशा मिलती है। बुजुर्गों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण के लिए सरकार द्वारा कई कानूनी और वित्तीय सहायता योजनाएं (जैसे आयुष्मान, पेंशन) लागू है।



## आंगनबाड़ी केंद्र में वजन त्योहार के तहत बच्चों का किया गया वजन-माप

**महासमुंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में 9 फरवरी से 18 फरवरी 2026 तक वजन त्यौहार का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में जिले के बागबाहरा विकासखंड के खम्हरिया सेक्टर के ग्राम अमेठी में वजन त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें 0 से 6 साल के बच्चों का वजन और ऊंचाई मापी गई। साथ ही किशोरी बालिका, गर्भवती एवं शिशुवती, महिलाओं का वजन और ऊंचाई दर्ज किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में पालकगणों को बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के संबंध में जानकारी दी गई। इसके अलावा बच्चों का समय पर टीकाकरण के साथ माता द्वारा स्तन पान, खान पान संबंधित विस्तारपूर्वक समझाइश दिया गया।



इस अवसर पर सेक्टर सुपरवाइजर हीरा ध्रुव, कार्यकर्ता सरोज चंद्राकर, त्रिवेणी निषाद, देवला दीवान, पदमा नागेश, लक्ष्मी यादव, सुनीता खड़िया, अन्नू खड़िया, जानकी निषाद, पीली कमार, टिमेश्वरी चंद्राकर, प्रीति ध्रुव, उर्मिला नागेश, फिरकी ध्रुव, विद्या ध्रुव, लोकेश्वरी खड़िया, रेशमी पटेल, दुर्गा ध्रुव, सोनम खड़िया, कविता यादव, जान्हवी यादव, पलक ध्रुव आदि महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।



### फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर एसडीएम ने ली बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

**सरायपाली।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुपमा आनंद की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत ब्लॉक टास्क फोर्स की मीटिंग हुई। जिसमें सभी विभाग प्रमुखों द्वारा फाइलेरिया का दवाई सेवन किया गया। इस कार्यक्रम के बारे में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ कुणाल नायक ने बताया कि फाइलेरिया बीमारी क्युलेक्स मच्छर के काटने से एक संक्रमित व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति मे फैलता है, इसलिए फाइलेरिया रोधी दवाई सभी को खाना चाहिए। ताकि, फाइलेरिया ( हाथी पांव, हाइड्रोसिल) की बीमारी समुदाय में नहीं फैल पाए। एक बार फाइलेरिया हो जाने के बाद इसका ईलाज सिर्फ सर्जरी है, जो कि एक जटिल प्रक्रिया है। सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम 10 फरवरी से 25 फरवरी तक उम्रानुसार व हाईट के आधार पर आंगनबाड़ी केंद्र, सभी शासकीय व निजी विद्यालय में तथा स्वास्थ्य टीम के द्वारा घर-घर जाकर अपने समक्ष की दवाई खिलायी जाएगी। उपरोक्त फाइलेरिया रोधी दवाई (एमडीए) को गर्भवती महिलाओं, 0 से 2 वर्ष के बच्चे व गंभीर बीमारी वालों को नहीं खिलाना है। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ कुणाल नायक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश मेश्राम, नगर पालिका अधिकारी दिनेश यादव, तहसीलदार श्रीधर पंडा, विकास खंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह आदि मौजूद रहे।

## वृंदावन विद्यालय में परीक्षा-पे-चर्चा का सीधा प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



वृंदावन विद्यालय इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल में 6 फरवरी व 9 फरवरी 2026 को सुबह 10 बजे से परीक्षा पे चर्चा के 9वें संस्करण का सीधा प्रसारण आयोजित किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ सीधा संवाद किया। इस विशेष कार्यक्रम के प्रथम ऐपिसोड के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के तनाव को कम करने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए।

उन्होंने ऐग्ज़ाम वारियर्स के रूप में छात्रों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें परीक्षा का डर दूर करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने मुख्य रूप से निम्नलिखित विषयों पर ज़ोर दिया, जैसे कि परीक्षा को तनाव के बजाय एक अवसर के रूप में देखना, पढ़ाई के साथ-साथ अपनी हाबी के लिए भी समय निकालना, आत्मविश्वास बढ़ाने और तकनीकी उपकरणों का समझदारी से उपयोग करने के उपाय, अभिभावकों को बच्चों पर अंकों का दबाव न बनाने आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की, जो एक बहुत ही प्रेरणादायक एवं लाभकारी सत्र रहा। कार्यक्रम की अगली कड़ी के द्वितीय ऐपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों से एग्जाम, अध्ययन रणनीतियों, पढ़ाई, एआई, नींद और तनाव पर खुलकर बात की। परीक्षा पे चर्चा का आयोजन छत्तीसगढ़ के रायपुर, तमिलनाडु के कोयंबटूर, गुजरात के देवमोगरा, असम के गुवाहाटी सहित चार अलग-अलग स्थानों पर किया गया। जिनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि नई तकनीकों से डरने की ज़रूरत नहीं है, बल्कि उन्हें अपने विकास के लिए उपयोग करना चाहिए। इसी क्रम में उन्होंने डिजिटल दौर की चुनौतियों से अवगत कराया तथा नींद और मानसिक स्वास्थ्य पर बात की, जिसमें उन्होंने छात्रों को नियमित रूप से पर्याप्त आराम व सकारात्मक सोच बनाए रखने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि सफल लोगों की ऊंचाई देखकर घबराने के बजाय उनकी शुरुआत को समझना चाहिए। छात्रों को अपने सपनों के साथ आगे बढ़ने और आत्मविश्वास बनाए रखने का संदेश दिया। संचालक एमआर विश्वनाथन, उपप्राचार्य इंदु मिश्रा, विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों व शिक्षकों ने इस कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक देखा।




### देवरी स्कूल में नशामुक्ति कार्यशाला का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में रेडक्रॉस के जूनियर्स द्वारा प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में नशामुक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया और नशा न करने के लिए निवेदन किया गया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस के जूनियर्स के द्वारा नशा के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। केयूर भूषण धृतलहरे ने शराब और ड्रग्स, मोहजीत पुरेना ने गांजा और भांग, जितेंद्र देवांगन ने तंबाखू, ओमप्रकाश साहू ने कैंसर, बीड़ी और सिगरेट के दुष्परिणाम के बारे में बताया। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा बताया गया कि शराब के सेवन से नशे की आदत बन जाती है। परिवार में रोज लड़ाई झगड़े होते रहते है। नशा नाश की जड़ है। इस के सेवन से बचना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। इस अवसर पर व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, आनंद राम व्यौहार, नीलू सोनी, रवि प्रकाश पात्रे, बीएल टंडन, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। जूनियर्स धनेश्वरी सेन, रीना पटेल, गायत्री साहू, कुसुम निषाद, भूमिका, लेखा डड़सेना द्वारा कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया गया

## आशीबाई गोलछा मिडिल स्कूल के बच्चे शैक्षणिक भ्रमण कर लौटे

**महासमुंद।** आशी बाई गोलछा शासकीय उच्च प्राथमिक शाला के छात्र-छात्राएं प्रधान पाठक गैंद राम साहू के मार्गदर्शन में शैक्षणिक भ्रमण के लिए राजधानी रायपुर के इस्कॉन मंदिर, जंगल, सफारी और छत्तीसगढ़ आदिवासी संग्रहालय के लिए रवाना हुए। इस भ्रमण में शाला के समस्त स्टाफ के साथ शाला के 100 बच्चों का जत्था सबसे पहले इस्कॉन मंदिर में भगवान रास बिहारी का दर्शन कर नया रायपुर के जंगल सफारी में खुले वातावरण में शेर, भालू, हिरण, बारहसिंगा, नीलगाय, चीतल, बाघ, मोर, सिंह को नजदीक से देखकर हर्षित हुए। साथ ही जू पार्क में कई प्रकार के जीव जंतु पशु पक्षी पेड़ पौधे और भिन्न-भिन्न फूलों के बारे में जानकारी एकत्र किए। शिक्षिका लता वैष्णव द्वारा अपने राजकीय पशु पक्षी और फूलों के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। तत्पश्चात छत्तीसगढ़ आदिवासी संग्रहालय पहुंचकर दोपहर भोजन कर शहीद वीरनारायण सिंह संग्रहालय के अंदर आदिवासी संस्कृति रीति रिवाज, रहन-सहन, खानपान, विभिन्न संस्कारों के बारे में भिन्न-भिन्न सजीवात्मक कलाकृतियों को बच्चे देख आश्चयरचकित हो देखते रहे। साथ ही छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानी शहीदों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए। अंग्रेजों द्वारा उन पर किए अत्याचारों को देखकर भावुक हो उठे। इस सोद्देश्य पूर्ण शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों को नई-नई जानकारी के साथ पर्यावरण का अध्ययन कर सकुशल अपने अपने घर लौटे। इस भ्रमण में शाला के शिक्षिका चंचला गुप्ता, लता वैष्णव, आबिदा खान, तृप्ति साहू व सेवानिवृत्त शिक्षिका गायत्री साहू, शिक्षक वी राव का भी सहयोग रहा। उक्त जानकारी वरिष्ठ शिक्षिका लता वैष्णव गाइडर ने दी है।



HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दो लाख रुपए प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** दुर्घटना में मृतक के परिजन को हुए अपहानि को दृष्टिगत रखते हुए दावा निपटान आयुक्त एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा दो लाख रुपए प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इनमें राष्ट्रीय राजमार्ग-53 में टक्कर मारकर भागने मोटरयान सड़क दुर्घटना में ग्राम लोहारडीह निवासी नेहरू यादव की मृत्यु हो गई थी। अपहानि के कारण मृतक के विधिक प्रतिनिधि के रूप में उनकी माता शिखा यादव को दो लाख रुपये की प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 2 मृतकों के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए के मान से कुल 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मुनगासेर के मृतक मनीष बरिहा की माता नर्मदा बरिहा के लिए एवं आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोल्दा के मृतक सदानंद चक्रधारी की पत्नी गायत्री चक्रधारी के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### तीन दिवसीय श्रीश्याम फागुन महोत्सव 17 से

**पिथौरा (ग्रामीण)।** स्थानीय अग्रसेन भवन में श्री श्याम सेवा समिति पिथौरा, तेंदूकोना एवं भुरकोनी के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय श्री श्याम फागुन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह भक्तिमय आयोजन पिथौरा नगर में 11वीं बार आयोजित किया जा रहा है।

### घर के सामने से स्कूटी चोरी

**महासमुंद।** घर के सामने रखी स्कूटी चोरी के मामले में सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शंकर नगर निवासी निर्मला निषाद ने 12 दिसंबर 2025 को अपने वाहन प्लेजर क्र. सीजी04एमजे8903 को घर के सामने रखा था। दूसरे दिन 13 दिसंबर को उसने देखा कि स्कूटी उक्त जगह पर नहीं थी।

चर्चा : कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली समय-सीमा की बैठक

# धान उठाव के लिए 15 तक डीईओ जारी एवं उठाव सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत अभियान की शुरुआत, समितियों में स्टेक का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित कर जिले में संचालित शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों एवं आगामी आयोजनों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), विभागीय जिलाधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सिरपुर महोत्सव 2026 के सफल आयोजन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

उन्होंने आयोजन के दौरान सौंपे गए दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने एवं विभिन्न व्यवस्थाओं में सराहनीय सहयोग देने के लिए सभी को बधाई दी। कलेक्टर लंगेह ने राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत दवा सेवन करते हुए अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बैठक में मौजूद जिला अधिकारियों ने भी दवा का सेवन किया।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में 10 से 25 फरवरी तक स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सामूहिक दवा सेवन कराया जाना है। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि डीईसी एवं एल्बेंडाजोल दवा का वितरण एवं सेवन निर्धारित समय-सारणी एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाए तथा दवा सेवन स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी में कराया जाए। कलेक्टर लंगेह ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करें और स्वयं तथा अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों को दवा अवश्य सेवन कराएं, ताकि जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके।

बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले में जारी धान उठाव की समीक्षा करते हुए डीईओ के विरुद्ध लंबित धान उठाव की स्थिति पर ध्यान देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन उपार्जन केंद्रों में डीईओ के विरुद्ध धान का उठाव लंबित है, वहां प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र उठाव सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने स्टॉक का भौतिक सत्यापन करने तथा धान खरीदी पूर्णतः प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि धान उठाव के लिए 15 फरवरी तक डीईओ जारी करें एवं उठाव सुनिश्चित करें। स्टॉक के भौतिक सत्यापन में किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। बैठक में आधार बेस्ड उपस्थिति प्रणाली को अनिवार्य करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी-कर्मचारी प्रतिदिन सुबह 10 बजे कार्यालय में उपस्थित रहें। उपस्थिति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ई-ऑफिस प्रणाली को लेकर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी फाइलों का मूवमेंट ई-फाइल के माध्यम से ही किया जाए, यह अनिवार्य है। इससे कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित होगी।

#### आवेदनों के निराकरण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

उन्होंने मुख्य सचिव द्वारा किए गए समीक्षा के अनुरूप विभिन्न विभागों के व्यापक समीक्षा की और शासन से प्राप्त निर्देशानुसार क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए गए। प्रमुख रूप से स्वास्थ्य, महिला बाल विकास, जिला पंचायत, कृषि, शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विभागों के कार्यक्रम अनुसार समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को ध्यान में रखते हुए जिले को विकास क्रम में अग्रणी बनाए रखना है। इसके अतिरिक्त बैठक में अन्य शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनहित के कार्यों में तेजी, गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, तथा समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करना सभी विभागों की जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने पीएम जनमन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जन चौपाल, समय-सीमा पत्रक और राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# विद्यार्थी खेलों को जीवन में अपनाए : डॉ रश्मि



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव सत्र 2025–26 का अयोजन 10 फरवरी को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और स्वरस्वती वंदना के साथ किया गया। सत्र 2025–26 अखिल भारती विश्वविद्यालय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की तरफ़ से विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी 17 खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वीरेंद्र, हरीश ठाकुर, खेमन नायक (कबड्डी), सोहित कुमार तिवारी, सत्यम दास वैष्णव (क्रिकेट), अनिता यादव, मिथलेश कुमार (हैंडबॉल) ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व किया। लक्ष्मी ठाकुर, चमन बंजारे, केशर ठाकुर (एथलेटिक्स), होमसागर ठाकुर, दीपक पांडे (क्रिकेट), सेजल चंद्राकार, खगेश्वरी, पुष्पा, कुशल भस्मे, थानसिंह, राकेश (हैंडबॉल) ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय क प्रतिनिधित्व किया। इस सत्र बागबाहरा महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने इतिहास रचते हुए पहली बार सेक्टर स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। साथ ही कबड्डी (पुरुष) में भी प्रथम स्थान और हैंडबॉल (महिला, पुरुष) की टीमों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों द्वारा बहुत ही मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। वार्षिक क्रीड़ा उत्सव पर वालीबॉल, 100 मी, 200 मी, 400 मी, 800 मी, 1500 मी, लंबी कूद, गोला फेंक, तवा फेंक, भाला फेंक आदि जैसे खेलों का आयोजन किया गया। सभी विजेता खिलाड़िय़ों को खेल के उपरांत मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रश्मि मिंज ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में खेलों को भी पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है, जो निश्चित ही खिलाड़ियों के लिए एक सुनहरा अवसर है। इस दौरान महाविद्यालय के कर्मचारियों द्वारा खेलों के विजेताओं को मेडल प्रदान किया गया।

# शहर के वार्ड 9 में नपाध्यक्ष ने किया बोर खनन कार्य के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए जल संकट के प्रभावी नियंत्रण के लिए अध्यक्ष निधि से विभिन्न वार्डों, सामाजिक भवनों में बोर खनन कार्य कराए जा रहे हैं। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने गत दिनों परिषद की बैठक में नगर वासियों को जल संकट से निजात दिलाने ठोस कार्ययोजना बनाने के प्रस्ताव रखे थे। अध्यक्ष साहू अपनी निधि से वार्डों में बोर खनन कराकर नागरिकों को शुद्ध जल उपलब्ध कराने प्रतिबद्धता जाहिर की थी। जिसके तहत लगातार शहर के विभिन्न वार्डों में बोर खनन कार्य कराए जा रहे हैं। वार्ड क्रमांक 9 में बोर खनन कार्य के लिए भूमिपूजन अध्यक्ष साहू ने वार्ड पार्षद व सभापति सूरज नायक एवं अन्य पार्षदों तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय निवासियों को बोर खनन होने से अब पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इस अवसर पर सभापति सूरज नायक, पार्षद मुस्ताक खान, हाफिज कुरैशी, ओमिन टोमन कागजी व वार्ड की महिलाएं, बच्चे, युवाजन मौजूद रहे।

# भाजपा की जी राम जी योजना पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिथौरा (ग्रामीण)



विकसित भारत जीरामजी योजना को लेकर पिथौरा स्थित विश्राम गृह में भाजपा द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य वक्ता पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल, मंडल प्रभारी धनेश नायक, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिंहा, जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, जिला सह-कोषाध्यक्ष प्रीतराम सूर्य एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीरामजी योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं आजीविका के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से लागू की गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना का सकारात्मक प्रभाव आने वाले समय में स्पष्ट रूप से देखने को मिलेगा और इसे जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। मंडल प्रभारी धनेश नायक ने अपने संबोधन में कहा कि जीरामजी योजना मनरेगा का उन्नत स्वरूप है, जिसके अंतर्गत श्रमिकों को रोजगार की गारंटी प्रदान की जाएगी। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि इस योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को प्रति वर्ष 125 दिनों का सुनिश्चित रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन विक्की सलूजा ने किया तथा आभार प्रदर्शन सुरेंद्र साहू ने किया।

कार्यशाला में शशि डड़सेना, सीताराम सिंहा, राजिंदर खनूजा, रैदास गोयल, कुलदीप अग्रवाल, प्रियरंजन कोसरिया, महामंत्री द्वय जतिन ठक्कर एवं किरण साहू, विजय नायक, आलोक त्रिपाठी, विजयराज पटेल, दुर्गेश सिंहा, जीवन तांडी, प्रेम प्रधान, सुधीर प्रधान, पद्मिनी चौधरी, रामप्रसाद बारीक, केशव पटेल, रामकुंवर सिंहा, अनूप तांड़ी, सुशील भोई, शिव पटेल, गयाराम धीवर, रवि डड़सेना, रामकुमार साहू, महेंद्र डड़सेना, पुष्पकांत पटेल, मधुरिमा पांडे, पंचराम मटियारा, सौरभ अग्रवाल, प्रियांशु दीक्षित, घनश्याम पटेल, जितेंद्र गुप्ता, राजा शुक्ला, मोनू सलूजा, राजेश अग्रवाल, जित्तू, लक्ष्मण प्रधान एवं नवरोत्तम साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### साहू समाज सिरपुर परिक्षेत्र का हुआ शपथ ग्रहण

**महासमुंद।** साहू समाज के सिरपुर परिक्षेत्र में माता कर्मा मंदिर परिसर में शपथ ग्रहण समारोह रखा गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू व अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ढालूराम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष धरमदास साहू, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, भाजपा नेता रमेश साहू, मुनगा साहू, भाजपा नेता मोती साहू, चैनू साहू, मनीराम साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ महासमुंद ललित साहू, संतोष साहू रहे। सर्वप्रथम समाज प्रमुख द्वारा माता कर्मा की छायाप्रति पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि द्वारा सिरपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष दीनदयाल साहू, उपाध्यक्ष मेघनाथ साहू, सचिव नारायण साहू, महिला उपाध्यक्ष संतोषी बाई साहू, कोषाध्यक्ष पवन साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष गणेश्वरी साहू, संरक्षक श्यामलाल साहू, केशव साहू, चुम्मन साहू, राधे साहू को पद की शपथ दिलाई गई। अंत में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। उक्त जानकारी श्यामलाल साहू ने विज्ञप्ति में दी।

# विद्यार्थियों के आधार बायोमेट्रिक अपडेट के लिए विद्यालयों में किए जाएंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले में यूडाईस 2025-26 के अंतर्गत आधार से संबंधित बायोमेट्रिक अपडेट की प्रक्रिया को तेज करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 06 फरवरी 2026 की स्थिति में जिले में कुल 30, 587 विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक अपडेट लंबित है, जिसे शीघ्र पूर्ण किया जाना है। इसके लिए विद्यालयों में विशेष बायोमेट्रिक अपडेट शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से यूआईडीएआई से डाटा अपडेट कर उसकी प्रविष्टि यूडाईस पोर्टल पर की जाएगी। अभियान के अंतर्गत ईडीएम चिप्स से समन्वय कर 20 से अधिक लंबित बायोमेट्रिक वाले 352 विद्यालयों का चयन किया गया है, जिसमें लगभग 21,406 विद्यार्थियों का अपडेट किया जाना है। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रेखराज शर्मा द्वारा सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयकों को निर्देशित करते हुए अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए विद्यालयों को पालकों एवं विद्यार्थियों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं शिविर में उपस्थित होकर अपना बायोमेट्रिक अपडेट करवा सकें। इस कार्य के सफल संचालन के लिए विकासखंड स्तर पर बीआरसी एवं संकुल स्तर पर संकुल समन्वयकों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। पूरे अभियान की प्रतिदिन मॉनिटरिंग जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद द्वारा किया जाएगा। प्रथम चरण में 5 से 7 वर्ष एवं 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों के बायोमेट्रिक अपडेट पर फोकस करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। यूआईडीएआई द्वारा बायोमेट्रिक अपडेट की जानकारी यूडाईस पोर्टल पर अपडेट करने की सुविधा भी उपलब्ध करा दी गई है। साथ ही यूआईडीएआई के निर्देशानुसार 7 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट एक वर्ष के लिए निःशुल्क किया गया है, जबकि 5 से 7 वर्ष एवं 17 वर्ष के बच्चों के लिए यह सुविधा पहले से ही निःशुल्क है। आधार ऑपरेटरों को प्रतिदिन शिविर की जानकारी निर्धारित प्रारूप में संधारित करने तथा शिविर स्थल पर आवश्यक दस्तावेज सूची, शुल्क सूची एवं अन्य निर्देश प्रदर्शित करने कहा गया हैं।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को प्रसार कार्य हेतु जिलों के विभिन्न शहरों में 05 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 12,000
दिनांक - 10 फरवरी से 13 फरवरी 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
Resume Whatsapp करें
83700 49468
90983 24969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

# आशीबाई गोलछा स्कूल में वार्षिक शालेय पत्रिका कृति का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में वार्षिक शालेय पत्रिका कृति का विमोचन तथा पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुधा साहू, सीता डोंडेकर, अरूणा शुक्ला, नीलम दीवान, महेश मक्कड़, महेंद्र जैन, अनुज पांडेय, सुशील कुल्हाड़िया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में परीक्षा, विज्ञान, सांस्कृतिक, साहित्यिक, गाइड, रेडक्रास, एटीएल, क्रीड़ा आदि विभिन्न गतिविधियों में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र तथा मोमेंटो प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के सम्मान में प्राचार्य जीआर सिन्हा द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। संचालन व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी तथा पूजा साहू द्वारा और आभार प्रदर्शन संजय मांझी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विमल मन्नाडे, हेमंत खुंटे, डा. ज्योति किरण चंद्राकर, खेमलता कंवर, खोमन चंद्राकर, तपस्या शर्मा, कीर्तन साहू, नोबल ध्रुव, तुलसी राम साहू, अनिता साहू, चंद्रशेखर मिथलेश, गेंदराम साहू, डेमेश्वरी गजेंद्र, लता वैष्णव, प्रज्ञा लांजेवार, बेला मारू, दुर्गेश नंदिनी यदु, सरोज सोनी, भारती यादव, छाया रंगारी, मनीषा श्रीवास्तव, उषा साहू, इंद्राणी डोंगरे सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

